क्रमांक-2

मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

मंगलवार, दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 (28 अग्रहायण, शक संवत् 1945)

विधान सभा पूर्वाह्न 11:02 बजे समवेत हुई.

सामयिक अध्यक्ष महोदय (श्री गोपाल भार्गव) पीठासीन हुए.

1. शपथ / प्रतिज्ञान

सामयिक अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि जिन माननीय सदस्यों ने शपथ नहीं ली है या प्रतिज्ञान नहीं किया है, वे शपथ लेंगे या प्रतिज्ञान करेंगे, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगे. तदनुसार, आज 13 माननीय सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण / प्रतिज्ञान कर सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये.

2. निधन का उल्लेख

सामयिक अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित के निधन पर सदन की ओर से शोकोदगार व्यक्त किये गये : -

(1) श्री सरताज सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(2) श्री रामदयाल अहिरवार, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(3) श्री भगवत सिंह पटेल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(4) श्री कल्याण जैन, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(5) श्री लीलाराम भोजवानी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(6) श्री ताराचंद पटेल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(7) श्री रामलाल भारद्वाज, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा, तथा
(8) डॉ. एम.एस. गिल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त.

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, श्री उमंग सिंघार, नेता प्रतिपक्ष एवं डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य द्वारा शोकोदगार व्यक्त किये गये. अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई. सदन द्वारा 2 मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.40 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 (29 अग्रहायण, शक संवत् 1945) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

ए. पी. सिंह,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल:
दिनांक: 19 दिसम्बर, 2023